# मुख्य मार्ग पर हो सकता बड़ा हादसा, जर्जर इमारत गिरने का अंदेशा

- नगर निगम ने किया अनुपयुक्त और खतरनाक घोषित
- बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार करता प्रशासन

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के प्रमुख जवाहर मार्ग पर आईडीए की पुरानी छह मंजिला बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है. उक्त बिल्डिंग को नगर निगम अनुपयुक्त और खतरनाक घोषित कर चुका है. बावजूद इसके एक सोसायटी द्वारा बिल्डिंग को खाली नहीं किया जा रहा है. खास बात यह है कि हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 2023 में ही बिल्डिंग को लेकर स्पष्ट आदेश देते हुए गिराने का कहा है. इस मामले को लेकर प्रशासन भी चुप बैठा है, जबकि पटेल ब्रिज और जवाहर मार्ग पर भारी यातायात और सामने सियागंज जैसा भारी भीड़ वाला इलाका है. खुदा न खास्ता बिल्डिंग किसी दिन गिर गई तो बेवजह अनेकों जानें जाएगी. साथ ही आसपास और सामने की बिल्डिंग, घरों और दुकानों का भी भारी नुकसान हो सकता है.

आईडीए कार्यालय की जवाहर मार्ग पर पटेल ब्रिज शुरू होने के कोने पर छह मंजिला जर्जर इमारत है. उक्त इमारत के लगभग सभी किराएदार खाली कर चुके है, लेकिन इस पर बिल्डिंग में एक सोसायटी इंदौर विकास प्राधिकरण जवाहर मार्ग टेनेंटस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा खाली नहीं किया जा रहा है. इस कारण आईडीए और नगर निगम के अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी उक्त खतरनाक बिल्डिंग को गिरा नहीं पा रहे है. प्रशासन और सभी विभाग के अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं, लेकिन शहर के सबसे व्यस्त इलाके में राह चलते आमजन की जान को खतरा बढ़ गया है. इसकी वजह यह है कि उक्त छह मंजिला इमारत को नगर निगम के क्षेत्रीय भवन अधिकारी 31 मई और 9 अगस्त 2018 में ही पूरी तरह से अनुपयुक्त और खतरनाक घोषित कर चुके है. इस मामले में सोसायटी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी. सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा कि नगर निगम और आईडीए खतरनाक और अनुपयुक्त भवन घोषित कर चुके है. उस स्थिति में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो सोसायटी जिम्मेदार होगी, न की नगर निगम, आईडीए और प्रशासन.





**हाईकोर्ट आदेश में सोसायटी को जिम्मेदार बताया**–जस्टिस विवेक रूसिया की बेंच द्वारा जवाहर मार्ग पर स्थित उक्त आईडीए बहुमंजिला इमारत को लेकर सुनवाई और फैसला देते हुए गिराने का आदेश दिया था. 20 अप्रैल 2023 को जस्टिस रूसिया ने इंदौर विकास प्राधिकरण जवाहर मार्ग टेनेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के लिए आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया है कि शहर में कोई दुर्घटना घटित होने पर जर्जर हो चुकी इमारत को गिराने में रोकने का काम करने वाली उक्त सोसायटी की जिम्मेदारी होगी. इसमें नगर निगम और अन्य विभाग रिपोर्ट दे चुके है और सोसायटी खतरनाक घोषित भवन को नहीं गिराने के लिए याचिका दायर की है, जो जनहित में नहीं है.

### तत्कालीन आईडीए सीईओ ने भी कारवाई के निर्देश दिए -

आईडीए के तत्कालीन सीईओ गौतमसिंह ने 26 मई 2018 और कुमार पुरषोत्तम ने 2 अगस्त 2018 को नगर निगम की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक पश्चिम क्षेत्र और आयुक्त नगर निगम को पत्र लिखकर कारवाई के लिए लिखा था. प्रशासन और पुलिस ने मामले को 7 साल बीतने के बाद भी संज्ञान में ही नहीं लिया है.

आईडीए ने लिखा, सोसायटी को नोटिस दिए - आईडीए ने इंदौर विकास प्राधिकरण जवाहर मार्ग टेनेट्स वेलफेयर एसोसिएशन को नारायणदास पिता घनश्यामदास राजपाल के नाम से 13 सितंबर 2018 को नोटिस दिया था कि भवन खाली करें. इसके बाद हाईकोर्ट में सोसायटी के अध्यक्ष कमलेश पिता स्व. गिरधर व्यास उम्र 65 वर्ष द्वारा हाईकोर्ट में जस्टिस विवेक रूसिया के बेंच में याचिका दायर की गई थी. उसमें भी सोसायटी के खिलाफ आदेश दिए गए थे.

**10 वर्गफीट पर स्थित है खतरनाक जर्जर बिल्डिंग**–जवाहर मार्ग स्थित योजना क्रमांक 43 के प्लॉट नंबर 13 और 14 तथा 15 एवं 16 पर उक्त बिल्डिंग बनी है. जी प्लस 5 मंजिला भवन 29 बाय 16 वर्ग मीटर के प्लाटों पर बना हुआ है. करीब 10 हजार वर्गफीट पर उक्त आईडीए की खतरनाक घोषित बहुमंजिला इमारत बनी हुई है.

## एक नजर में

### चित्रांश कायस्थ समाज वेलफेयर सोसाइटी इंदौर की कार्यकारिणी गठित





इंदौर. श्री चित्रांश कायस्थ समाज वेलफेयर सोसाइटी इंदौर की कार्यकारिणी का गठन हुआ. विजय सक्सेना द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें प्रदीप भटनागर को अध्यक्ष, विवेक भटनागर, सचिव संजय निर्गुण, कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया. इस अवसर पर उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीना सक्सेना, राष्ट्रीय कार्यवाहक महामंत्री रत्नेश श्रीवास्तव, सुरेश सक्सेना, सत्येंद्र श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, डॉ डीके श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, के साथ सभी समाज जन ने बधाई दी.

### सुरों के साथ आनंद उत्सव कल



इंदौर. ख्यात लेखिका और समाजसेवी मुन्नी गर्ग की 75वीं जन्म वर्षगांठ पर रवींद्र नाट्य गृह में 17 सितंबर को 7.30 से संगीत निशा का आयोजन किया जा रहा है. इसे आनंद उत्सव का नाम दिया गया है. इसमें मुंबई के ख्यात कलाकार गोविंद मिश्रा, बड़ोदरा की विभावरी यादव, इंदौर के शिफा अंसारी, रूपक बुंदेला, अभिजीत गौर ,स्वरांश पाठक अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे. कार्यक्रम की सूत्रधार बड़ोदरा की कलाकार तृप्ति शाह होंगी.

### डाबर और रेकिट ने की मीशो मॉल से साझेदारी

इंदौर. मीशो मॉल ने एफएमसीजी कंपनियों, डाबर एंड रेकिट के साथ साझेदारी की है. इस साझेदारी की मदद से उनके भरोसेमंद पर्सनल केयर उत्पाद पूरे भारत में उपलब्ध होंगे. इस सहयोग के साथ ही, ड्यूरेक्स, मूव, वीट, डेटॉल और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांड खासकर टियर 2+ शहरों में मीशो के ग्राहकों को आसानी से मिल सकेंगे. यह साझेदारी भारतीय परिवारों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आसानी से उपलब्ध कराने की उनकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है. मीशो मॉल पर उनके पोर्टफोलियो के विस्तार से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स में मीशो मॉल की पहुँच मजबूत होगी. इस लॉन्च के एक महीने के अंदर ही प्लेटफॉर्म पर हेयर ऑयल, ओरल केयर, और पर्सनल हाईज़ीन जैसी श्रेणियों में तेज वृद्धि दर्ज हुई है. ज्यादातर ऑर्डर रुड़की, जबलपुर, थंजावुर, नासिक और शिलाँग जैसे शहरों से मिले हैं.

### आई4सी और अमेज़न का उपभोक्ता जागरूकता अभियान

इंदौर. भारत सरकार के गृह मंत्रालय, द्वारा स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और अमेज़न इंडिया मिलकर स्केम स्मार्ट इंडिया नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहे हैं. यह अभियान उपभोक्ताओं को ऑनलाइन घोटालों और धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे से बचाने के लिए तैयार किया गया है. आई4सी के निदेशक, निशांत कुमार ने कहा अमेज़न के साथ इस साझेदारी के ज़रिये उपभोक्ताओं में धोखाधड़ी का पता लगाने और उनके शिकार होने से बचने के तरीके के बारे में जागरूकता पैदा की जाएगी. अमेज़न इंडिया लीगल के वाइस प्रेसिडेंट राकेश बख्शी ने कहा अमेज़न में, ग्राहक विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. आई4सी के साथ हमारी साझेदारी की बदौलत, हम व्यावहारिक समाधान तैयार करने के लिए सक्रिय कदम उठाना चाहते हैं जो खरीदारों को स्कैम को पहचानने, उनसे बचने और रिपोर्ट करने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाएँ.

### ओप्पो इंडिया ने एफ31 5जी सीरीज़ पेश की

इंदौर. ओप्पो इंडिया ने भारत में एफ31 5जी सीरीज़ लॉन्च की है. एफ-श्रृंखला के ये सबसे नए स्मार्टफोन टिकाऊ और विश्वसनीय परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं. इस नई सीरीज़ में तीन मॉडल, एफ31 प्रो, एफ31 प्रो और एफ31 शामिल हैं. इनमें से हर मॉडल मजबूती, शक्तिशाली बैटरी, बेहतर हीट मैनेजमेंट और आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए बनाया गया है. अपने सभी अपग्रेड्स के साथ एफ31 5जी सीरीज़ भारत में 35,000 रुपये से कम मूल्य वर्ग में अब तक का सबसे स्मूथ और टिकाऊ स्मार्टफोन हैं. भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ड्यूरेबिलिटी : भारत में ड्यूरेबिलिटी की मांग बहुत बढ़ गई है. इस स्मार्टफोन में 360 डिग्री आर्मर बॉडी है, जिसमें मल्टी-लेयर एयरबैग संरचना आंतरिक पुर्जों को झटकों से सुरक्षा प्रदान करती है। ये स्मार्टफोन एयरोस्पेस-ग्रेड एएम04 एलुमीनियम अलॉय फ्रेम से बने हैं, जो अपने पूर्ववर्ती के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक मजबूत हैं.

### रॉयल एनफील्ड ने नया मेटीओर 350 लांच किया

इंदौर. रॉयल एनफील्ड ने भारत में बिल्कुल नया और अपडेटेड मेटियोर 350 लॉन्च किया. वर्ष 2020 में लॉन्च हुई मेटियोर 350 लंबे सफ़र और शहर की आसान यात्राओं के लिए एक भरोसेमंद और आरामदायक बाइक के रूप में जानी जाती है. नई मेटियोर 350 के बारे में बी. गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्स लिमिटेड और सीईओ, रॉयल एनफील्ड ने बताया कि मेटियोर 350 हमेशा ऐसी बाइक रही है जो समयानुसार डिजाइन को आधुनिक आराम के साथ जोड़ती है, और आसान क्रूज़िंग पसंद करने वालों के लिए परफेक्ट साथी है. इस नए और अपडेटेड लाइन-अप के साथ, हमने इसकी खासियत को और बढ़ाया है. अब इसके वेरिएंट्स में शानदार नए रंग, नए फीचर्स और कई सुधार शामिल हैं, जो आरामदायक राइडिंग का मज़ा और बढ़ाते हैं. मेटियोर 350 सिर्फ एक बाइक नहीं है, बल्कि खुली सड़कों पर आरामदायक सफर और यादगार अनुभवों का एक स्टाइलिश ज़रिया है.

### केविनकेयरने लॉन्च किया चिक क्रिक क्रेम हेयर कलर

इंदौर. केविनकेयर का चिक ब्रांड, चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है. इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान और समय-बचाने वाला बनाता है. इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है. लॉन्च पर बोलते हुए, केविनकेयर के बिजनेस हेड पर्सनल केयर रजत नंदा ने कहा मध्य प्रदेश में हेयर कलर बाजार तेजी से बदल रहा है. उपभोक्ता अब ऐसे समाधान चाहते हैं, जो गुणवत्ता, सुविधा और किफायत को एक साथ लाएं. चिक क्विक क्रेम हेयर कलर के साथ, हम गर्व से कह सकते हैं कि हम इस अंतर को दूर कर रहे हैं। यह सच में एक ऐसा क्रेम फॉर्मेट है, जो केवल 10 मिनट में गहरे और शानदार परिणाम देता है.

# विधायक पुत्र पर एफआईआर को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

- पुलिस कमिश्नर कार्यालय का किया घेराव

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कांग्रेस ने आज भाजपा विधायक पुत्र पर एफआईआर दर्ज करने को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया. कांग्रेसियों ने कहा कि विधायक पुत्र द्वारा शहर में भाईचारे को खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है.**

आज शाम 4 बजे शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के साथ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पुलिस आयुक्त कार्यालय पर पहुंचे. कांग्रेसियों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर भाजपा विधायक के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की. कांग्रेस ने कहा कि विधायक के बेटे के द्वारा शीतला माता बाजार के व्यापारियों को मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दी गई है. उनके इस कृत्य से शहर के नागरिकों में मौजूद भाईचारे की भावना समाप्त होती है. हमारा शहर और देश अमन और भाई चारे का देश है और सब यहाँ प्यार और एकता के साथ त्यौहार मनाते है. पुलिस कमिश्नर कार्यालय घेराव के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपा शंकर शुक्ला और प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश चौकसे ने संबोधित किया. प्रदर्शन में पार्षद राजू भदौरिया, रफीक ख़ान, सादिक़ ख़ान, अनसाफ़ अंसारी, अनवर दस्तक, सुदामा चौधरी, कुणाल सोलंकी, सेफ़ू वर्मा, रूबीना ख़ान, राजा चौकसे, शैलेश गर्ग, इम्तियाज़ बेलिम, संजय बाकलीवाल, सुरेश मिंडा, श्याम सुंदर यादव, दिनेश कुशवाहा, किरण जिरेती, प्रवेश यादव, मुकेश ठाकुर, ठाकुर जितेंद्र सिंह एवं सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे. इस मौके पर ज्ञापन का वाचन निलेश (सेलू) सेन और आभार अमन बजाज ने माना.



# लेखा विभाग के दस्तावेज डिजिटाइलेशन करने के निर्देश

## *निगमायुक्त द्वारा मुख्यालय का निरीक्षण*

नव भारत न्यूज

**इंदौर. निगमायुक्त ने आज मुख्यालय पर विभिन्न विभागों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने विभागों द्वारा रिकॉर्ड और अन्य कार्यों की जानकारी ली. जानकारी के दौरान लेखा विभाग के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन करने के आदेश दिए.**

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने दोपहर 1.30 बजे के करीब लेखा विभाग, कालोनी सेल, स्थापना विभाग का निरीक्षण किया गया. आयुक्त ने सबसे पहले स्वयं के कार्यालय का अवलोकन किया. आयुक्त ने कार्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जाता है, इसकी जानकारी ली. इसके बाद लेखा शाखा में अवलोकन के दौरान अनावश्यक रखे सामान को हटाने के निर्देश दिए. साथ ही निगम की लेखा शाखा की महत्ता व अन्य विभागों में रखे रेकार्ड की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कारवाई करने के आदेश दिए. आयुक्त ने लेखा शाखा में कितने कर्मचारी है? कर्मचारियों द्वारा क्या-क्या कार्य किस प्रकार से किया जाता है? फाइल का मूव्हमेंट कैसे होता है? इसकी जानकारी ली. आयुक्त ने कहा कि निगम के विभिन्न विभागों के दस्तावेज के साथ ही लेखा विभाग के दस्तावेज महत्वपूर्ण होते है. लेखा विभाग के दस्तावेज डिजिटाइलेशन करने तथा लेखा शाखा का रेकार्ड व्यवस्थित एवं सुरक्षित करने का कार्य प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए.



### कॉलोनी सेल का किया निरीक्षण

आयुक्त ने निगम के स्थापना विभाग में निरीक्षण के दौरान ऑफिस में आने वाली नस्तियों का किस प्रकार से संधारण, आवक-जावक किया जाता है? फाईल को किस प्रकार से ट्रेक करने जानकारी ली गई. इसके बाद आयुक्त कालोनी सेल विभाग का निरीक्षण पहुंचे. निरीक्षण के दौरान कालोनियों के नियमितिकरण, अवैध से वैध करने के संबंध में जानकारी और किस प्रकार से कार्रवाई की जाती है. इसकी विस्तृत जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त मनोज पाठक, देवधर दरवई व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

# जरूरतभर संसाधनों का उपयोग समाज में ला सकता बदलाव

## इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा सस्टेनेबिलिटी इन एक्शन प्रतियोगिता का आयोजन

**इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा महिलाओं के लिए सस्टेनेबिलिटी इन एक्शन-शोकसिंग रियल प्रैक्टिसेज प्रतियोगिता आईएमए कार्यालय, जाल ऑडिटोरियम में आयोजित की गई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके दैनिक जीवन में अपनाई जा रही पर्यावरण हितैषी और सतत आदतों को साझा करने का मंच प्रदान करना था.**

कार्यक्रम में उद्यमी, पेशेवर, गृहिणियाँ और छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. प्रतिभागियों ने अपने जीवन में अपनाई गई अनेक प्रेरक पहलें साझा कीं, जैसे- कार्यस्थल पर संसाधनों का सही उपयोग, घर में कचरा कम करना, ऊर्जा और पानी बचाना व पौधों और जीव-जंतुओं की रक्षा करना. इन अनुभवों ने सभी को सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया. चुने गए प्रतिभागियों को आईएमए के आगामी चौथे वीमेन लीडरशिप कांन्क्लेव 2025 में सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम का समापन सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण और चर्चा सत्र से हुआ. महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और नए विचार अपनाने की प्रेरणा ली. प्रतियोगियों ने बताया कि जरूरत भर ही संसाधन लेना, अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग, और खुद उदाहरण बनकर समाज में बदलाव लाया जा सकता है.



**महिलाएं पर्यावरण संरक्षण में काम कर रही**

आईएमए अध्यक्ष ने कहा हमें गर्व है कि महिलाएँ पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन जीने में आगे बढ़कर काम कर रही हैं. यह प्रतियोगिता उनके प्रयासों को पहचान देने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ कुमार, शैली महेश्वरी, सोनाली पाल, अंकित हिमनानी, सरिता मुंद्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

# इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकले

## *शास्त्रीय गायक सक्षम देवले ने श्रीनाथ मन्दिर में दी दमदार प्रस्तुति*



इंदौर. युवा शास्त्रीय गायक सक्षम देवले ने योगानंद श्रीनाथ महाराज की समाधि स्थल पर दमदार प्रस्तुति दी. उन्होंने शुरुआत राग भोपाली से की। साथ ही बड़ा ख्याल ,छोटा ख्याल और चतुरंग रागमाला से सबको प्रभावित किया.

गायक सक्षम ने संत कबीर से लेकर मीराबाई, नानक, एकनाथ और गुरु गोरखनाथ महाराज के भक्ति गीत, भजन और अभंग भावपूर्ण होकर सुनाये। शुरुआत -एक निरंजन ध्याउ गुरुजी... भजन से की. उसके बाद सक्षम ने गुरु कृपाजन पायो मेरे भाई... अबीर गुलाल उधलील रंग... साधो रे मन का मान त्यागो... शिव के मन शरण होय आदि भजन सुमधुर आवाज में सुनाएँ. भक्ति गीतों का समापन भजन - इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकले... गाकर किया. सह गायन की भूमिका में विभाग देवले रहे. हारमोनियम पर संगत रोहित परिहार, तबला पर निशांत शर्मा और मजीरे पर संगत शुभम पाठक ने दी. यह जानकारी देते हुए श्रीनाथ मन्दिर संस्थान के सचिव संजय गो. नामजोशी ने बताया कि उज्जैन का देवले परिवार चार पीढ़ियो से संगीत के क्षेत्र में है और अब सक्षम उसे आगे बढ़ा रहा है. सक्षम ने शुरुआती शिक्षा पिता पंडित योगेश देवले से ली और अब सुधाकर देवले से घरानेदार गायकी की शिक्षा ले रहे है. अतिथि स्वागत अनिल पवार, उमेश ढ़ोखले और श्रीमती आटवे ने किया.झ संचालन एवं आभार डॉ. संदीप तारे ने माना.



# सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन का इंदौर में स्वागत

**इंदौर.** वैश्विक दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु, परम पावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब सोमवार को संक्षिप्त प्रवास पर मुंबई से विमान द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे.

हवाई अड्डे के पास स्थित आई डी ए मैदान में उपस्थित समुदाय के हजारों सदस्यों ने सैयदना साहब का दीदार कर स्वागत किया. इस अवसर पर सैयदना साहब ने फरमाया कि यह मोहब्बत देखकर मैं बहुत खुश हूं. आपने सभी की सलामती, खुशहाली और अमन के लिए दुआएं की एवं इमाम हुसैन की शहादत पढ़ी. समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि शहर में संक्षिप्त प्रवास के बाद, सैयदना साहब सड़क मार्ग से बदनावर होते हुए सैलाना के लिए रवाना हो गए. मध्य प्रदेश में उनके कार्यक्रम में सैलाना, रतलाम और श्योपुर का दौरा शामिल है, जहां वे प्रवचन देंगे, स्थानीय दाऊदी बोहरा परिवारों से मिलेंगे और सामुदायिक पहलों की समीक्षा करेंगे. इन दौरों का मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक कल्याण को बढ़ावा देना है. सैयदना साहब के दौरे हमें शक्ति और दिशा देते हैं. वे न केवल हमें धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में राष्ट्र की सेवा करने के हमारे कर्तव्य की भी याद दिलाते हैं.

**एक नजर में** | महिला उद्यमियों के लिए सम्मान समारोह व जागरूकता शिविर

# सामाजिक परिवर्तन को भी गति दे रहीं महिला उद्यमी



**इंदौर.** एसकेआईटीएम समूह के स्काईटेक लीड फाउंडेशन-टीबीआई ने महिलाओं के नेतृत्व वाले लघु-स्तरीय व्यवसायों को सशक्त बनाने और उनका समर्थन करने के उद्देश्य से सफल महिला उद्यमियों के सम्मान समारोह और महिला उद्यमी जागरूकता शिविर का आयोजन किया. एसकेआईटीएम समूह के कार्यकारी निदेशक देवांश त्रिवेदी ने स्वागत भाषण दिया.

समारोह में श्री त्रिवेदी ने कहा कि महिला उद्यमी न केवल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी गति दे रही हैं. उन्हें सही प्रशिक्षण, उपकरण और मंच प्रदान करके, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक विकास और दृश्यता प्राप्त करें.

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) पीयूष त्रिवेदी, पूर्व आरजीपीवी के कुलपति ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्ट महिला उद्यमियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, आईएमए की बरखा अग्रवाल ने लघु-स्तरीय व्यवसायों को बढ़ाने और बाज़ार पहुँच बढ़ाने पर केंद्रित एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया. डिविन प्रो द्वारा शिल्पी उपाध्याय और समीर मिस्त्री द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्रों में फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट और अपतटीय बाज़ारों जैसे प्रमुख प्लेटफार्मों के साथ ऑन-बोर्डिंग प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई, जिससे महिला उद्यमियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी पहुँच बढ़ाने में मदद मिली. एसकेआईटीएम की आईआईईसी की निदेशक प्रो. (डॉ.) आराधना चौकसे ने धन्यवाद ज्ञापन किया और स्काईटेक लीड फ़ाउंडेशन की इस पहल के बारे में बताया.